UP Board Notes Class 6 English Chapter 14 Netaji Subhash Chandra Bose

(पाठ का हिन्दी अनुवाद)

Subash Chandra.....................................freedom movement.
हिन्दी अनुवाद – सुभाष चंद्र बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें 'नेताजी' के नाम से जाना जाता था। वह 23 जनवरी, 1897 में कटक (ओडिशा) में एक हिन्दु परिवार में पैदा हुए। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माता का नाम प्रभावती देवी था। वे स्कूल में एक बहुत प्रतिभाशाली छात्र थे। उन्होंने अपना स्कूल कटक में पूरा किया, कक्षा 10 कलकत्ता (अब कोलकाता) और स्नातक 1918 में कलकत्ता विश्वविद्यालय में पूरा किया।

बाद में उनके पिता ने उन्हें भारतीय सिविल सर्विस की परीक्षा देने वेफ लिए इग्लैण्ड भेजा। वे पास हो गए और नौकरी में लग गए, परन्तु जल्द ही उन्होंने भारतीय सिविल सर्विस से इस्तीफा दे दिया और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के लिए भारत वापस आ गए।

He was very.....................................ever lasting inspiration.
हिन्दी अनुवाद – वे राष्ट्रवादी देशबन्धु चितरंजन दास, उनके राजनैतिक गुरु, से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़ने के लिए अभिप्रेरित किया। 'स्वराज' नामक अखबार से सुभाष चंद्र बोस ने ब्रिटिश राज का दृढ़ता से विरोध किया। वे सिंगापुर चले गए और अपनी स्वयं की "आजाद हिंद फौज" का गठन किया। उन्होंने अपनी फौज को दिल्ली चलो" और "जय हिन्द" का नारा दिया। उन्होंने अपने महान शब्दों, "तुम मुझे खून दो, और मैं तुम्हे आजादी दूंगा" के द्वारा अपनी सेना को प्रेरित किया, अपनी मातृभूमि को ब्रिटिश राज से स्वतंत्र करवाने के लिए।

ऐसा माना जाता है कि विमान हादसे में 1945 में ताईवान में नेताजी की मृत्यु हो गई, परन्तु इनकी मौत का रहस्य आज तक अनसुलझा है। एक स्थायी प्रेरणा के रूप में नेताजी हर भारतीय के दिल में जीवित रहेंगे।